# नए साल में जिला कांग्रेस कमेटी में हो सकते हैं कई बदलाव

## जिला अध्यक्ष ग्रामीण और शहर में नए लोगों की हो सकती है ताजपोशी

पूरे कॉन्फिडेंस के बाद भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद एक ओर जहां प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है,वहीं दूसरी ओर अब जिला स्तर पर भी सर्जरी की जा सकती है। वैसे तो विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद पार्टी के तमाम छोटे बड़े नेता रिलैक्स मूड में हैं,लेकिन अब नए साल में ग्रामीण और शहर अध्यक्ष पद पर नए लोगों की ताजपोसी होने की संभावना बढ़ती जा रही है।

सतना।

आपको बता दें कि जिले में ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस के तीन लाख 22 हजार और शहर में लगभग 70000 सदस्य हैं। यह आंकड़ा एक अनुमानित है। संख्या कम और ज्यादा भी हो सकती है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लंबे समय से जिन लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप गई थी अब शायद उन्हें बदलकर युवाओं को जिम्मेदारी दी जा सकती है। पार्टी सूत्र ऐसा इसलिए मान रहे हैं क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में हाई कमान ने युवा अध्यक्ष जीतू पटवारी को प्रदेश की कमान सौंपी है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि जिला स्तर पर भी युवाओं को मौका मिल सकता है। पार्टी सूत्रों की बात पर अगर भरोसा जताया जाए तो जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ नेता सुधीर सिंह तोमर,मनीष तिवारी और अतुल सिंह के अलावा कई अन्य लोग भी प्रयासरत है। इसी प्रकार शहर अध्यक्ष के लिए रामकुमार तिवारी,संजीव अग्रवाल और राजदीप सिंह मोनू आदि लोगों के नाम भी पार्टी के भीतर लिए जा रहे हैं।

### भाजपा में खाली पड़े हैं पद

नए साल में भारतीय जनता पार्टी में संगठन स्तर पर कई लोगों की नियुक्ति हो सकती है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में महामंत्री पद के दो पद खाली हैं। इसी प्रकार एक पद मंत्री का खाली है और एक पद मंडल अध्यक्ष का खाली है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि जो लोग निष्क्रिय हैं उन्हें भी हटाया जा सकता है। उनकी जगह पर कुछ पदों पर नए लोगों की नियुक्ति की जा सकती है।

### बहुजन समाज पार्टी में भी हो सकती है सर्जरी

राजनीतिक गलियारों से मिली जानकारी के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी भी संगठन में बड़ा बदलाव कर सकती है सूत्र बताते हैं की नई जिला अध्यक्ष की भी ताजपोसी की जा सकती है उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के दो नेताओं ने पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। बहुजन समाज पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जोर शोर से जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### एक्शन मोड में दिखे मैहर विधायक

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मैहर विधानसभा क्षेत्र के संचालित विकसित भारत यात्रा के बठिया पहुंचे। जहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनता जनार्दन से रूबरू हुए यात्रा में उपस्थित अधिकारियों के बीच जनता जनार्दन ने जब अपनी समस्या गिनाना शुरू की तो मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अधिकारियों की क्लास लेना शुरू कर दिया। जैसे ही पूछा गया कि आज कितने पंजीयन हुए तो पूरे मामले में सात पंजीयन हुए थे जबकि गांव वालों ने अपनी सौकड़ो शिकायतें गिना डाली जिसको लेकर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने उपस्थित अधिकारी, पटवारी,पंचायत सचिव की क्लास ले ली कहा की छोटे-छोटे मुद्दे हैं छोटी-छोटी परेशानियां हैं उसको स्थानीय तौर पर निपटा लेना चाहिए जो आज तक नहीं किया गया जिसको लेकर के विधायक की दो टूक ने सभी अधिकारियों के कान खड़े कर दिए। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल फोटो खींचने तक सीमित नहीं है यह लोगों को राहत देने के लिए यात्रा गांव गांव तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा और उनकी ऊंची सोच के चलते चालू की गई है जिसे गांव-गांव पहुंचकर के आमजन को सरकार की योजना धरातल पर पहुंची है कि नहीं और उनकी समस्याओं को निराकरण किस आधार पर किया जा रहा है उसी सारे मामलों का उजागर हो सके लेकिन उसके बावजूद अधिकारियों के लापरवाही और उनके कार्य शैली पर कई सवाल खड़े होते दिखाई दे रहे हैं। मैहर विधायक आज प्रातः 11:00 बजे भदनपुर पहाड़ में निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे जहां पर शिव मंदिर में पूजा आराधना करके भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वहीं सोनवारी में भागवत कथा में सम्मिलित हुए इसके अतिरिक्त अपने कार्यालय पर पहुंचकर स्थानी जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण हेतु संवाद किया गया।

### डीएसपी विजय सिंह परिहार सेवानिवृत



**सतना।** पुलिस विभाग में सेवाकाल को पूरा करते हुए रविवार को डीएसपी विजय प्रताप सिंह सेवा निवृत्त कर दिए गए। आपको बता दे की विजय सिंह परिहार जिले में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए बेहतर कार्यशैली प्रस्तुत की। इसी प्रकार सहायक उपनिरीक्षक संतोष गर्ग भी रविवार को सेवानिवृत कर दिए गए।

### उपार्जन केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये अधिकारियों का दल नियुक्त

**सतना।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने जिले के धान खरीदी केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये संपूर्ण जिले में पांच कृषि अधिकारियों के दल गठित किये हैं। खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के दिशा-निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में पंजीकृत कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज खरीदी का कार्य निर्धारित उपार्जन केंद्रों में जारी है। जिले के अधिकारियों द्वारा उपार्जन कार्य के सुचारु संचालन एवं संबंधित गतिविधियों पर निगरानी बनाये रखते हुये खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने जिले में धान खरीदी केंद्रों का अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण, उपार्जन व्यवस्था, भंडारण, परिवहन एवं अन्य संबंधित गतिविधियों का प्रत्येक सप्ताह लिखित में जांच प्रतिवेदन अभिमत कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

# मैहर में नए साल की पूर्व संध्या में दर्शनार्थियों की फजीहत

## पेट्रोल-डीजल न मिलने से भटकते रहे श्रद्धालु





मैहर।

मैहर स्थित मां शारदा के दर्शनों हेतु नए वर्ष की पूर्व संध्या पर ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारे लग गईं। मैहर आने वाले दर्शनार्थियों में ज्यादातर संख्या उन दर्शनार्थियों की होती है जो अपने स्वयं के चार पहिया वाहन से दर्शनों हेतु मैहर आते हैं। जिसकी बड़ी वजह यह है कि मैहर नेशनल हाईवे 30 से लगा हुआ है तथा मैहर की देश के लगभग सभी बड़े शहरों के साथ सड़क मार्ग की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। किंतु नव वर्ष की पूर्व संध्या पर माता के दर्शनों को चार पहिया से आये इन श्रद्धालुओं को मुसीबत का सामना करना पड़ा। हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में पेट्रोल डीजल टैंकर ड्राइवर हड़ताल पर जा चुके है। जिसकी वजह से शहर तथा आसपास के ज्यादातर पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं तथा उन्होंने पेट्रोल-डीजल देना बंद कर दिया है। ऐसे में मैहर आ चुके दर्शनार्थियों को अपनी चार पहिया गाड़ी में डीजल पेट्रोल डालने की बड़ी समस्या सामने आ गई है। रविवार शाम दर्शनार्थी आसपास जोर जुगाड़ करते दिखाई दिए तथा एक पेट्रोल पंप से दूसरे पेट्रोल पंप में घूमते नजर आए। जिन पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल उपलब्ध था वहाँ ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही।

### श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या देखते हुए चाक-चौबंद की गई व्यवस्था

नवगठित जिला मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा नएवर्ष में माँ शारदा के दर्शनों हेतु आने वाले लाखों दर्शनार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबन्ध की गई।मंदिर के व्यवस्था प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक,निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी थाना प्रभारी मैहर,उप निरीक्षक संतोष उलाड़ी चौकी प्रभारी देवी जी के साथ ही लगभग 300 अधिकारी कर्मचारी मंदिर व्यवस्था में लगे हुए हैं।लगभग 25 फिक्स पॉइंट एवं ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था तथा पेट्रोलिंग पार्टियां बनाई गई है जो लगातार मैहर शहर से लेकर मंदिर प्रांगण तक भ्रमण करेंगे। पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को मंदिर ड्यूटी व्यवस्था के लिए ब्रीफ किया गया एवं ड्यूटी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों को दर्शन में कोई असुविधा न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।



# सेवादल का मासिक ध्वज वंदन

मैहर।

कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिलाल भाई देसाई के निर्देशन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव के निर्देशानुसार कांग्रेस सेवादल सतना ग्रामीण जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के मार्गदर्शन पर कांग्रेस सेवा दल मैहर के तत्वाधान में कांग्रेस सेवादल की 100वीं वर्षगांठ समापन समारोह का आयोजन स्थानिक कार्यालय मैहर में कांग्रेस प्रत्याशी रहे धर्मेश घई, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष केशव प्रसाद चौरसिया,नागेंद्र नाथ बडगइयां,कांग्रेस सेवादल सतना ग्रामीण जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी के विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान कर ध्वज वंदन किया गया। तत्पश्चात पूज्य बापू एवं हार्डिकर जी के चित्रपट पर दीप प्रज्जुलित व माल्यार्पण किया गया।उपस्थित अतिथियों का सेवा दल के सिपाहियों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन शहर अध्यक्ष मुकेश सेन द्वारा दिया गया। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने कहा कि सेवा दल का एक-एक सिपाही अपने आप में गौरवान्तावित है कि मैं एक ऐसी पार्टी का सिपाही हूं जिस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर आज तक बाबा साहब के बताएं मार्ग पर चलते हुए बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर में बैठे हुए व्यक्ति के लिए लड़ाई लड़ी। वहीं केशव प्रसाद चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा दल के मजबूती से ही कांग्रेस में मजबूती आएगी इसलिए हर कांग्रेस जन का पहले दायित्व है कि सेवादल को मजबूत करने में कोई कसर न छोड़ें। इस अवसर पर धर्मेश घई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक लंबा इतिहास है हर कांग्रेसजन को पार्टी के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ लोगों के द्वारा कांग्रेस के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर समाज के सामने गलत ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।

# राष्ट्र सेवा एवं व्यक्तित्व विकास के लिए नई ऊर्जा का संचार करती है राष्ट्रीय सेवा योजना

सतना।

एकेएस विश्वविद्यालय,सतना में राष्ट्रीय सेवा योजना के नव प्रवेशित एवं सीनियर स्वयंसेवकों के मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में राहुल सिंह परिहार,राज्य प्रशिक्षक,राष्ट्रीय सेवा योजना,डॉ अभिमन्यु प्रसाद समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना,अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ एवं डॉ. क्रांति मिश्रा, जिला समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना,जिला सतना उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ हर्षवर्धन, प्रति कुलपति विकास प्रो.जी.सी.मिश्रा,अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभिन्न संकायों के डीन एवं डायरेक्टर्स उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कुल गीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.दीपक मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवायोजना ने अतिथियों का स्वागत किया।डॉ.हर्षवर्धन ने विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियां से अतिथियों को अवगत कराया। डॉ. क्रांति मिश्रा ने स्वयंसेवकों को नित्य नई ऊर्जा के साथ समाज सेवा करने का संदेश दिया। डॉ.अभिमन्यु प्रसाद ने स्वयंसेवकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़ने का एवं समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमों का अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। राहुल सिंह परिहार ने अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए यह भी बताया राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसी भावना है जो युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करने का कार्य करती है।योजना के स्वयंसेवक अपने छात्र जीवन को बेहतर बनाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल्यों को पालन करते हुए उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन होकर देश सेवा एवं राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा एनएसएस की गतिविधियों पर आधारित वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां भी दी गई।कार्यक्रम में अतिथियों का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक शिवांशु एवं अंचल ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रबंधन ने हार्दिक बधाई दी है।



# तनाव छोड़ आशा के साथ आगे बढिए : प्रतिमा




सतना।

अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित अनुपमा हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह एवं अखिल स्मृति में आयोजित ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में सम्मिलित सहभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन आइरिस इंटरनेशनल डे बोर्डिंग स्कूल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी रहीं।अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एल.के.तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी.सी.एम डॉ.ज्ञानेष मिश्रा,सचिव डॉ.शैला तिवारी, संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी,उपाध्यक्ष करूणा सिन्हा,सुषमा मिश्रा,रूमा सेनगुप्ता,सी.ई.ओ पीयूस पाण्डेय, डॉ.दीपनारायण शर्मा,डॉ.अनुपमा शर्मा,सलाहकार आर.ए.सिंह, प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा, प्राचार्य संजय पाण्डेय,डॉ.विनय प्रताप सिंह,कार्यक्रम समन्वयक मुन्नालाल शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का अभिवादन पुष्प गुच्छों द्वारा किया गया। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैरियर का चुनाव करना सबसे आवश्यक है।आपने अपने कैरियर के लिए जो भी विषय चुना है या जिस क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं आगे बढ़ना चाहते हैं उससे अपार्ट भी जा सकते हैं लेकिन इन सबके लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है किताबों से दोस्ती करना। समस्याओं का हल निकालना सीखिए। परिस्थितियों से हार नहीं मानना है हताश नहीं होना है। लक्ष्य को पाने के लिए अगर आप पागल हो तो लक्ष्य अवश्य मिलेगा। तनाव छोड़ आशा के साथ आगे बढिए लक्ष्य अवश्य मिलेगा। अपने परेशानियों को दोस्तों से या अभिभावकों से शेयर कीजिए। सही रास्ते का चुनाव कीजिए और प्रगतिशील विचारों के साथ आगे बढिए।संस्था संचालक डॉ.प्रमोद तिवारी ने कक्षा 12वीं के बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। सचिव डॉ.शैला तिवारी ने भी बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए अनोखे टिप्स दिये कैसे हम अपने जीवन में कठिनाईयों का सामना करते हुए अपना पथ प्रशस्त कर सकते हैं। कक्षा 12वीं की नेहा तिवारी को मिस फेयरवेल एवं आयुष्मान नेमा को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रतिमा बागरी के करकमलों से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कक्षा ग्यारह के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यकम की प्रस्तुति दी। कक्षा12वीं के छात्र छात्राओं ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। जिससे सभी की ऑखे नम हो गई। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर के सहयोगियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं को सर्वोत्तम वीरता पुरस्कार से नवाजा गया।

## खबर संक्षेप

### विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सिमरिया।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह का सिमरिया रेस्ट हाउस में किया गया। फल से तुलादान कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर किया गया स्वागत। वर्तमान पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह का पवई विधानसभा में पूर्व से ही लोगों का लगाव इसलिए बरकरार बना हुआ है जैसे ही सूचना प्राप्त हुई की भोपाल से पन्ना पहुंच रहे हैं वैसे ही कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया और भारतीय जनता पार्टी की जिले में तीनों विधानसभा मैं भारतीय जनता पार्टी के विधायक है कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण लोगों का इसलिए से भारतीय जनता पार्टी को जीत प्राप्त हुई है पन्ना जिला विकास से पीछे नहीं रहेगा।

### मुक्ति पीठ धार्मिक पत्रिका के स्वर्ण अंक का हुआ विमोचन



**पन्ना।** पवित्र नगरी पन्ना मैं बीती 24 दिसंबर से आयोजित साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ कै समापन दिवस 30 दिसंबर को श्री प्राणनाथ मंदिर से प्रकाशित होने वाली धार्मिक पत्रिका मुक्ति पीठ के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशेष स्वर्ण अंक का विमोचन किया गया। मंच पर उपस्थित परमहंस महाराज संत शिरोमणि सदानंद जी, धर्मगुरु डॉ दिनेश एम पंडित के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा, ट्रस्टी तिलक राज शर्मा महाप्रबंधक देशभूषण शर्मा के साथ-साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सड़क पर खड़े बाहन राहगीरों को हो रही परेशानी



**देवेंद्रनगर।** सलेहा रोड कृषि उपज मंडी के सामने किसानों की धान से भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़े होने के कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ता है। सलेहा रोड पर लग रहा बार-बार जाम ट्रैक्टर ट्राली भारी लंबी लाइन पर बाहर खड़े हुए हैं। कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर मैं समर्थन मूल्य की धान खरीदी का केंद्र बनाया गया है जो की किसान धान तुलाने के लिए आए हुए है। यदि स्थानीय प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है सड़क पर एक्सीडेंट भी हो सकता है।

### भव्य सुंदरकांड एवं लकी ड्रा कार्यक्रम संपन्न



**अमानगंज।** नगर अमानगंज कल्पना होटल के पास आज भव्य संगीतमय सुंदरकांड एवं एक लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रामचरितमानस का संगीतमय सुंदरकांड कवचम किया गया तत्पश्चात लकी ड्रा का कार्यक्रम चला जिसमें नगर अमानगंज सहित जिले के लकी ड्रा में 151 ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिया गया। हम आपको बता दें कि श्री कृष्णा लाइफस्टाइल परिवार की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया श्री कृष्णा लाइफस्टाइल के संचालक मयूर असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त माह में हमने स्कीम निकाली थी कि श्री कृष्ण लाइफ स्टाइल एवँ सर्वमंगला फैशन कपडे की दुकान जो अमानगंज मे संचालित है साथ ही श्री कृष्णा लाइफस्टाइल ब्रांच पन्ना में अगस्त माह से लेकर अब तक खरीदी की गई है उनमें से खास 151 ग्राहकों को कूपन दिए गए थे जिनका आज खोला गया है जिनमें सभी 151 लोगों को आकर्षक उपहार दिया गया जिसमें साइकिल वाशिंग मशीन सहित अनेक प्रकार के इनाम सामिल रहे।

# पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के आगमन पर भव्य स्वागत

## भले ही सरकार में मंत्री पद न मिला हो पर जिले की जनता के दिलों में आज भी मंत्री की तर्ज पर ही

### विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का फलों से किया गया कई जगह तुलादान

जिस तरह से जनता का उत्साह पहले मंत्री कार्यकाल में रहता था उससे आज भी दुगना ही बना हुआ है उत्साह उमंग। पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को भले ही डॉ. मोहन सरकार में मंत्री नहीं बनाया गया। पर जनता के दिलों में आज भी पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह मंत्री जैसे ही तभी तो जिले में प्रथम आगमन पर जिले की सीमा से ही जोरदार भव्य स्वागत।





पन्ना।

पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को लेकर जनता की चाहत उमंग व उत्साह पूर्व की तरह आज भी नजर आ रही हैं। भले ही डॉ. मोहन यादव की सरकार में उन्हें मंत्री पद नहीं दिया गया। पर जिले की जनता दिलों के मंत्री आज भी बृजेन्द्र प्रताप सिह पूर्व की तरह भोपाल से पन्ना आगमन पर पन्ना जिले की सीमा से ही उनका जोरदार भव्य स्वागत, तुलादान कई जगह किया गया है। जिसमें रैकरा, सिमरिया, अमानगंज में कई जगह, द्वारी, तारा, मडैयन, अकोला, अमझिरिया, सत्यम पैलेस, डायमण्ड चौक, पुराना पावर हाउस, गांधी चौक, कुमकुम टॉकीज के पास व कोतवाली चौराहा प्रमुख रूप से स्वागत को लेकर यहां आम जनता व कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता को लेकर उत्साहित थे। जहां आतिशबाजी व तुलादान जैसे कार्यक्रम आयोजित थे। नगर में सड़कों में भव्य पोस्टर, बैनर, विकास पुरूष के नाम से लगे हुए जाने जा रहे है। इस तरह से आज भी पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का उसी तर्ज पर स्वागत बंदन, अभिनंदन को लेकर आम जनता व उनके कार्यकर्ता उमंग व उत्साह को लेकर देखे गये। यह उनकी कार्यप्रणाली का परिणाम माना जा रहा है। जिन्होंने विकास को लेकर हमेशा अपनी सोच के साथ कार्य किये है। पवई विधानसभा में भी आपका कार्यकाल आज भी लोगों को याद दिला रहा है। जहां विकास की दिशा जो आपने तय की थी वह जनता के जीवन में बदलाव को लेकर सामने है। सड़कें हो या कि सिचाई संसाधन को लेकर जिस तरह से कार्य किये गये उससे आम जनता के जीवन में विकास की दिशा तय हुई है। वहीं पन्ना विधानसभा में पूर्व कार्यकाल मंत्री खनिज एवं श्रम संसाधन के रूप में जो बीता उसमें पन्ना विधानसभा के बड़े-बड़े कार्यों की सौगातें स्वमेव उनकी सोच को लेकर साबित कर रही है। जिससे आम जनता की पसंद पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज भी पूर्व की तरह दिलों के मंत्री बने हुए है। तभी तो इन्हें जगह-जगह तुलादान के माध्यम से अपने लोकप्रिय जननायक के रूप में जनप्रतिनिधि का भव्य स्वागत पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का उमंग के साथ किया गया है। अभी भी इनकी कार्यप्रणाली चुनौती भरे लक्ष्य को लेकर सामने है। चूंकि विकास की दिशा इनके प्रमुखता है वहीं समूचे जिले के लोगों को इनसे उम्मीदें भी रहती है वहीं पन्ना विधानसभा को प्रदेश में अलग पहचान दिलाने को लेकर आपका लक्ष्य जो है वह अब कार्य रूप में परिणित होगा। चहुमुखी विकास को लेकर पन्ना विधानसभा की दिशा तय होगी।

# पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही, छोटे बड़े कुल 26 वाहन जप्त






पन्ना।

प्रायः देखने में आता है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाला वाहन चालक स्वयं के साथ अन्य लोगो के साथ दुर्घटना की संभावना बढा देता है। पन्ना जिले में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों-चौकी प्रभारियों को नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना क्षेत्रो में वाहन चेकिंग लगाई गई। वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रो में नशे की हालत में वाहन चलाने वाले कुल 26 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये छोटे बड़े कुल 26 वाहनों को जप्त किया गया है। संबंधित वाहन चालको से माननीय न्यायालय द्वारा करीब 2 लाख 50 हजार रूपये की समन शुल्क राशि वसूल की जायेगी।

### अतिथि शिक्षकों की लंबित वेतन शीघ्र हो भुगतान- जीतेंद्र गर्ग

**पन्ना।** मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेंद्र गर्ग ने प्रेस व्यक्ति जारी कर अतिथि शिक्षकों की लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की है। श्री गर्ग ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, आहरण सम वितरण अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्य से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों के सब्र का बाध अब टूट चुका है समूचे पन्ना जिले के अतिथि शिक्षक नियमित शिक्षकों की भांति संपूर्ण समर्पण भाव से जिले के प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं लेकिन अल्प मानदेय वाले अतिथि शिक्षकों का अक्टूबर माह से मानदेय लंबित है। अधिकारियों के द्वारा बताया जाता है कि बजट नहीं है, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा कहा जाता है कि प्रदेश में किसी भी तरह के बजट की कोई कमी नहीं है, ऐसे में यह सोचने वाली बात है कि अधिकारी कर्मचारी सच बोल रहे हैं या प्रदेश के मुख्यमंत्री लेकिन दोनों ही सूरत में अतिथि शिक्षकों की स्थिति दयनीय बनी हुई है,



चुनाव के पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अतिथि शिक्षकों की वेतन वृद्धि एवं महीने की एक से लेकर 5 तारीख तक के अंदर भुगतान की बात कही गई थी, लेकिन अक्टूबर माह से अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। इसके साथ ही प्रदेश भर में लोगों की हर विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनने एवं उनके निराकरण के लिए 181 की सेवा सीएम हेल्पलाइन के नाम से शुरू की गई थी लेकिन उस पर भी शिकायत करने से भी कोई निराकरण नहीं हो रहा है। श्री गर्ग ने कहा कि अतिथि शिक्षक भूखे मरने की कगार पर खड़े हैं, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर माह का मानदेय शीघ्र पांच दिवस के अंदर भुगतान कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि पांच दिवस के अंदर अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं होता है तो पन्ना जिले के सभी अतिथि शिक्षक एकजुट होकर जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की होगी। नियमित शिक्षकों की वेतन एक तारीख को मिलती है लेकिन अतिथि शिक्षकों की शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से मानदेय की मांग की है।




# उप स्वास्थ्य केन्द्र से जनता को लाभ आखिरकार कब और कैसे

## जो कर्मचारीयों के आवास में तब्दील

पन्ना।

भारत सरकार से प्राप्त बजट के बाद एनएचएम के द्वारा अजयगढ़ विकासखंड के बहादुरगंज में 49 लाख 14 हजार की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कराया गया था। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन तत्कालीन प्रदेश शासन के खनिज मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा 16 अप्रैल 2023 को किया गया था लेकिन 9 माह व्यतीत हो जाने के बाद अभी तक उस नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है इस इलाके के लोगों को अपना उपचार कराने के लिए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। जानकारी के अनुसार यह उप स्वास्थ्य केंद्र लगभग 6 हजार की आबादी के लोगों के लिए अलब से बहादुरगंज मे बनाया गया था और सरकार द्वारा लगभग 50 लख रुपए खर्च किये गये थे। इसके बावजूद क्षेत्र के लोगो ने स्वास्थ्य की सुविधाए नही मिल पा रही है। जब मौके पर जाकर देखा तो इस नवनिर्मित भवन में हेमंत रावत सीएचओ बरकोला एवं धर्मेंद्र सिंह राजपूत सीएचओ पिस्टा 4 माह से अपना निवास बना कर रह रहे हैं जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि यहां पर अभी किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है और हम लोगों को बीएमओ के आदेश पर यहां पर रहने के लिए रखा गया है। यह स्थिति केवल बहादुरगंज की नहीं है ऐसी जिले की कई जगह स्वास्थ्य की स्थिति है जहां पर करोड़ों रुपए खर्च करके बिल्डिंग को बना दी गई है लेकिन वह शो पीस बनाकर खड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य की सुविधा ना मिले के कारण या तो उसे इलाके के लोगों को तहसील स्तर पर या फिर जिला स्तर पर उपचार के लिए जाना पड़ रहा है। इसका सबसे बडा कारण यह निकलकर आ रहा है कि जब लोगों को शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर नहीं मिलते है तो उन्हें झोलाछाप डॉक्टरों से मजबूरन में लुटना पड़ रहा है ऐसे डॉक्टरों के कारण भी कई लोगों को गलत उपचार के कारण मोते भी हो जाती है कई बार ऐसे मामले उजागर करने के बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों के ऊपर कोई कार्यवाही न होने से उनके हौसले बड़े हुए। हीटर जलाकर धड़ल्ले से हो रहा है बिजली का दुरुपयोग बहादुरगंज उप स्वास्थ्य केंद्र की नवनिर्मित बिल्डिंग में जाकर देखा तो एक कोने में बिजली का हीटर जलाकर वहां रह रहे सीएचओ द्वारा धड़ल्ले से बिजली का दुरुपयोग किया जा रहा था और वह करें भी क्यों नहीं क्योंकि उसमें खर्च हो रही बिजली का बिल कौन उनके जेब से जाना है शासकीय भवनों और आवासों में रहने वाले लोगों को इस बात की हिदायत भी दी जानी चाहिए कि वह बिजली का दुरुपयोग ना करें।

#### इनका कहना है

मैं अजयगढ़ बीएमओ से बात करता हूं इसका जब अप्रैल में उद्घाटन हुआ था तो मैं भी मौजूद था केंद्रीय सरकार के बजट से इसका निर्माण कराया गया है वहां पर किसकी ड्यूटी है यह पता लगा कर ही बता पाऊंगा।

**डॉ बी एस उपाध्याय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना**

## रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन का मामला बना चुनौती

# बिना टेण्डर के सरकार को रॉयल्टी की भी भारी क्षति

### केन नदी में रेत परिवहन को लेकर पुल का निर्माण किसकी स्वीकृति से अस्थाई तौर पर कर लिया जाता निर्माण, आखिरकार कौन है जिम्मेदार



पन्ना।


रेत का अवैध कारोबार अब रोकना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जो जितना सक्षम संबंधित ठेकेदारों से सांठगांठ करके गांव-गांव के लोग इसमें शामिल होकर रेत के कारोबार को अंजाम देते है। भले ही पन्ना जिले की सीमा में रेत का टेण्डर नहीं छतरपुर जिले की यू-फोरिया माइंस के नाम से छतरपुर जिले की केन नदी की सीमा को लेकर कानेक्ट बताया जा रहा है। पर सवाल यह उठता है कि पन्ना जिले में आज भी केन नदी की सीमा में अगर उत्खनन होता है तो कहीं न कहीं पन्ना जिले की खनिज सम्पदा बिना रॉयल्टी ही उत्खनन कर स्वयं का लाभ लेने को लेकर यह दास्ता बाखूबी जानी जा रही है। सरकार को भी नुकसान फिर भी विभाग को लेकर यह एक बड़ी चुनौती हैं अब इसे रोक पाना हरदिन की कहानी है। कितना स्टॉप कितनी जगह चौकसी कर सकता है क्योंकि यह तो दास्ता केन नदी में हर गांव किनारे जहां से रेत का कारोबार किया जा सकता है वहां से बाखूबी अंजाम दिया जाता है। साथ ही छतरपुर जिले से पन्ना जिले की सीमा के मध्य केन नदी में अस्थाई तौर पर पुल का निर्माण कई बार कर लिया जाता है। और छतरपुर हो या पन्ना जहां रेत की सप्लाई मिली उस तरफ की सीमा को यह पुल के माध्यम से रेत का कारोबार चलता रहता है। इतना ही नहीं उस पुल के माध्यम से उत्तरप्रदेश भी रेत का कारोबार यहां से होता है। यह कहानी अब प्रतिदिन की हर रात केन नदी में रेत की कारोबार को लेकर स्वयं बयां करती है। कहने को पन्ना जिले में कोई टेण्डर नहीं फिर भी रेत का कारोबार क्यो है जारी। यहां टेण्डर होता ता सायद सरकार को रॉयल्टी मिलती। वहीं जिले के विकास में उसका योगदान या प्रदेश के विकास में उस राशि का सदपयोग होता जो रॉयल्टी से राशि आती। यहां यह कहें कि प्रतिदिन कई लाखों का नुकसान स्वयं सरकार को हो रहा है। टेण्डर न होने से वहीं छतरपुर व पन्ना जिले की सीमा केन नदी में कौन देखता है जब रात्रि को उत्खनन होता है तो वहां क्या सीमा में कोई सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन कर सकता है। यह एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। आखिर पन्ना जिले की केन नदी से अवैध रेत का उत्खनन रोकने को लेकर अब जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के समन्वय से ही संभव हो सकता है। जब तक मिशन के रूप में इसे रोकने को लेकर कार्यवाही तय नहीं की जायेगी तब तक सायद इसी तरह के हालात कायम रहेगें। सरकार को रॉयल्टी का नुकसान साथ ही अवैध तरीके से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन का खेल जो जारी है उससे आम जनता में कानून के प्रति भरोसा भी उठता है। जहां गांवों से रेत का कारोबार संचालित होता है वहीं गांवों में ही यह रेत मंहगी है। क्योंकि माफियाओं का राज कायम है आखिर कब सरकार का राज जाना जायेगा। यह तो जिम्मेदार ही तय कर सकते है।

## नगर अमानगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का हुआ आगमन

**अमानगंज।** नगर अमानगंज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिन रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ नगर अमानगंज नगर परिषद अमानगंज द्वारा विकसित भारत यात्रा का मंच द्वारा समस्त योजनाओं को नगर की जनता को शासकीय स्कूल में कैंप लगाकर मध्य प्रदेश की समस्त योजनाओं लोगो तक पहुंचने का कार्यक्रम कैंप लगाकर मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं के एवं समस्त अधिकारी ने कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना एवं आवेदन लिया समस्त बैंक ऋण योजनाओं आयुष्मान भारत योजना क्रेडिट कार्ड स्वास्थ्य विभाग उज्ज्वला योजना समस्त प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कार्य शासन की समस्त योजनाओं का जनता को लाभ दिलाने के लिए भारत विकसित यात्रा द्वारा कैंप लगाए गए एवं लोगों को सभी तरह की अशुद्धता से बचने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में लोगों को बताया गया भारत सरकार की किसान सम्मान निधि का सभी लोगों को लाभ मिल सके इसके लिए भी राजस्व विभाग द्वारा लोगों के आवेदन लिए गए एवं भारत विकसित यात्रा रथ में एलईडी के माध्यम से समस्त योजनाओं का प्रसारण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश वर्मा गुन्नौर विधायक अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश चोबे नगर की समस्त मीडिया भाजपा के वरिष्ठ नेता राम अवतार पांडे समस्त भाजपा नेतागण पदाधिकारी नगर की समस्त जनता मौजूद रही।



## खबर संक्षेप



### चालक ने अचानक लगाया ब्रेक, पीछे से टकराया ई-रिक्शा, एक घायल

**छतरपुर।** रविवार को शहर के सटई रोड पर जा रहे एक कार चालक ने अचानक से ब्रेक लगाया जिस कारण से कार के पीछे आ रहा ई-रिक्शा कार से टकरा गया। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक युवक घायल हुआ है, जिसे इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक सरमन पुत्र गुमना अहिरवार उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम पनौठा ने बताया कि वह छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर में काम करता है। सोमवार की सुबह वह ई-रिक्शा से स्कूल जा रहा था तभी सटई रोड पर ई-रिक्शा के आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे ई-रिक्शा कार से टकरा गया। हादसे में सरमन अहिरवार के सिर और चेहरे में चोट आई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### बच्चों का सामान्य ज्ञान का स्तर बढ़ाने हुई परीक्षा



**लवकुशनगर।** नगर के ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को दो चरणों में सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों के बच्चे सम्मिलित हुए। बच्चों में सामान्य ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से एवं सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। संस्था के डायरेक्टर धर्मेंद्रदेव चौरसिया ने बताया कि इस परीक्षा में जो भी छात्र उत्तीर्ण होंगे उनमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को क्रमशः 1101, 701 तथा 501 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। परीक्षा के प्रति बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कड़ाके की ठंड में भी बच्चे परीक्षा देने पहुंचे।

### पर्यटन नगरी में मिली अज्ञात युवक की लाश



**खजुराहो।** रविवार को जहां एक ओर पर्यटन नगरी खजुराहो नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां चल रहीं थीं तो वहीं दूसरी ओर नगर के शिवसागर तालाब के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिलने के बाद सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव वाहन से पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं। खबर लिखे जाने तक घटना के संबंध में इतनी ही जानकारी सामने आई है। मृतक कौन है और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई है इसका पता लगाने के लिए पुलिस तमाम प्रयास कर रही है।

### रात के 12 बजते ही नए वर्ष का धमाल शुरू



**छतरपुर।** नव वर्ष का उत्साह देखते ही बनता है। रात 12 बजते ही उत्साही युवा आतिशबाजी कर नए वर्ष का स्वागत करते हैं कहीं गीत संगीत का भी दौर चलता है। पुलिस की ओर से नव वर्ष का उत्साह लोगों में बना रहे इसके इंतजाम किए गए हैं और नव वर्ष मनाने के लिए हिदायतें भी दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल खजुराहो के अलावा जटाशंकर धाम, भीमकुंड, लाखों लोगों की आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में भी नव वर्ष मनाने के लिए लोग इक_ा हो रहे हैं। खजुराहो में तो दो दिन पहले से ही नए वर्ष की तैयारी चल रही थीं। खजुराहो के होटल संचालकों ने नए वर्ष के स्वागत के लिए होटल में ही तमाम तरह के इंतजाम किए हैं।

# पुलिस ने खेत में अवैध शराब रखे बैठे व्यक्ति को 17 पेटी सहित किया गिरफ्तार, भेजा जेल

## 850 क्वार्टर, 185 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी को भेजा जेल : टीआई सतीश सिंह

जिले के नौगांव पुलिस ने अवैध शराब बेचकर लाभ कमाने की फिराक में शराब खेत में रखे बैठे व्यक्ति को 17 पेटी जिसमें 850 क्वार्टर 185 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

छतरपुर।



शनिवार की रात्रि कांबिंग गश्त में कस्बा एवं देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति खेत वीरपुरा मौजे में अवैध शराब रखे बैठा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेत की मेड़ पर कार्टूनों में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति बैठा था। पुलिस को देखकर उक्त आरोपी भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ पर उम्र 34 साल निवासी ग्राम धौर्रा थाना अजनर जिला महोबा उत्तरप्रदेश हाल स्थानीय निवासी की बटाई की जमीन वीरपुरा मौजा नौगांव का होना बताया जिसके कब्जे से 17 पेटी सनी कंपनी की अवैध शराब पायी गई। शराब की कुल कीमत लगभग 93 हजार 500 रूपए है। पुलिस ने शराब जब्त करते हुए आरोपी पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजा है।

### महात्वपूर्ण भूमिका

निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, सउनि सीताराम, प्रधान आरक्षक अरविन्द शर्मा, मनीष त्रिपाठी, देवीदास, आरक्षक मुकेश बिल्थरे, आदित्य परिहार, यादवेन्द्र परिहार, अजय साहू, जितेन्द्र अहिरवार, बृजलाल महिला आरक्षक रीना, अंकिता, सीमा, रानू की भूमिका रही।

# 68वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोलहवें दिन हुआ सुपर संडे फाइनल

## 3डी क्रिकेट क्लब ने 37 रनों से एएस टाइगर को हराकर जीता फाइनल



नौगांव।

शहर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत 68वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर संडे फाइनल मुकाबला 3 डी क्रिकेट क्लब और एएस टाइगर के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में 3 डी क्रिकेट क्लब टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ए एस टाइगर को 37 रनों से हराकर 68वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी अमित सांघी और पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

नगर पालिका द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी और मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटैरिया ने बताया कि रविवार को फाइनल मुकाबला 3 डी क्रिकेट क्लब और एएस टाइगर के मध्य खेला गया। जिसमें थ्रीडी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवरों में 06 विकेट खोकर 159 रन बनाते हुए एएस टाइगर टीम को जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य दिया। थ्री डी क्रिकेट क्लब की ओर से नदीम और कलीम 33,33 रन, वशीम ने 26, विनीत ने 20 और राजेंद्र राही ने शानदार बल्लेबाजी हुए 16 रन बनाए। एएस टाइगर की तरफ से अरविंद तिवारी ने सर्वाधिक 03 और लवलेश चौबे ने 02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने बैटिंग करने उतरी एएस टाइगर क्रिकेट क्लब की टीम इस रोमांचक फाइनल मुकाबले में संघर्ष करते हुए मात्र 122 रनों पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। इस तरह से थ्रीडी क्रिकेट क्लब ने फाइनल मैच के खिताब को 37 रनों से जीतकर अपने नाम किया। ए एस टाईगर क्रिकेट क्लब की ओर से एक मात्र खिलाड़ी राजा हुशैन रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 49 रनों का योगदान दिया। थ्री डी क्रिकेट क्लब की और से नदीम, नितेश,आविद मंसूरी और विनीत ने अपनी टीम के लिए 02,02 विकेट लिए। फाइनल मुकाबले में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर प्रशांत नामदेव और लेग अंपायर की भूमिका में हर्षवर्धन नामदेव रहे। स्कोरर की भूमिका में आयुष सक्सेना, यतेंद्र सिंह सेंगर और जावेद आलम रहे, और कमेंट्रेटर में मनोज कुशवाहा, राजपाल सिंह राजपूत, सुशील कुमार वैद्य, कलीम खान, जय कुमार दुबे, अरशद इकबाल और फैजल खान रहे। पुरूस्कार वितरण में फाइनल मैच की विजेता ट्राफी और राशि थ्री डी क्रिकेट क्लब के कप्तान नदीम अंसारी और उप विजेता की ट्राफी और राशि एएस टाइगर क्रिकेट क्लब के कप्तान तारिख को प्रदान की गई। आगे जानकारी देते हुए क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी ने बताया कि मेन आफ द मैच और मेन आफ द सीरीज नदीम अंसारी रहे। बेस्ट बॉलर आविद मंसूरी,बेस्ट फील्डिंग का अवार्ड राजा हुसैन और बेस्ट विकेट कीपर का अवार्ड धर्मेंद्र सिंह सेंगर को दिया गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी अमित सांघी और पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह रहे। जिनके साथ एसडीओ पी चंचलेश मरकाम और नौगांव थाना निरीक्षक सतीश सिंह रहे। आयोजन कर्ताओं में नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी सीएमओ श्रीमती नीतू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, समस्त पार्षद गण, सोनू जैन, अशोक तिवारी, सन्नो सक्सेना, बल्कू पाठक, अरविंद यादव, जुगल सचान, केदार आनंद तिवारी, नितिन तिवारी, बुल्ली राजा, सुशील तिवारी और अमित चंदेल मौजूद रहे।



# 2 माह पहले मिला स्टे, नहीं रुका काम

### एमडीएम ने कहा तहसीलदार को सौंपी जांच

सरवई।

ग्राम सरवई में सरकारी पंप हाउस की जमीन में कब्जा कर अतिक्रमणकारियों ने विधिवत मकान बना लिया है।अतिक्रमण कारियों के सामने प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। चर्चाएं तमाम तरह की चल रही है यदि वे चर्चाएं सही है तो अतिक्रमणकारी प्रशासन की सह पर कार्य कर रहा है लेकिन अगर चर्चाएं झूठी हैं तो फिर वह कौन सी परिस्थितियां है जिनके कारण प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में लाचार नजर आ रहा है। तहसीलदार द्वारा इस अवैध निर्माण कार्य के खिलाफ 7 नवंबर को आगामी आदेश तक के लिए स्थगन आदेश जारी किया था लेकिन पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अतिक्रमणकारी ने शटर लगाकर अंदर ही अंदर निर्माण कार्य को जारी रखा है।

### क्या है मामला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के लवकुशनगर में पदस्थ सहायक यंत्री की ओर से नायब तहसीलदार सरवई को आवेदन दिया था कि दीपू पुत्र राममिलन पाण्डेय निवासी सरवई ने पंप हाउस की भूमि पर जबरन कब्जा कराकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पंप हाउस की खाली पड़ी भूमि पर हो रहे कब्जे को तुरंत रोका जाए। 100 वर्गफिट में पंप हाउस निर्मित है। वहीं करीब साढ़े 400 स्कायवर फिट जमीन खाली पड़ी है। इसी जमीन पर कब्जा कर जबरन निर्माण कार्य किया गया है। नायब तहसीलदार ने 7 नवंबर को स्थगन आदेश जारी कर सरवई थाना प्रभारी को निर्देशित किया था कि मौके पर जाकर तत्काल निर्माण कार्य रोके लेकिन पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही।

### इनका कहना है

मेने तहसीलदार से बोला है, जांच करने के लिए। जांच उपरांत ही बता पाऊंगा सही क्या है, गलत क्या है।

**देवेंद्र चौधरी एसडीएम, गौरिहार**

# रविवार को भी नौगांव रहा अघोषित कोल्ड डे, कोहरा के चलते विजिबिल्टी 50 मीटर रही

### शीत लहर चलने से दिन भर रही सर्दी, धूप न निकलने से दिनभर आग के सहारे लोग

नौगांव।

शनिवार के बाद रविवार को भी नौगांव शहर अघोषित कोल्ड डे दर्ज हुआ। शीतलहर चलने से दिन में भी ठंड बढ़ रही है। उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण लोगों को दिन भर सर्दी कपकपाती रही। जिस कारण लोग दिन भर अलाव अथवा धूप के सहारे रहे। रविवार को दिन का पारा 16.8 डिग्री जबकि शनिवार को दिन का पारा 16.2 डिग्री रहा तो वहीं शनिवार रात का 7.9 डिग्री तो शुक्रवार रात का पारा 7.5 डिग्री दर्ज किया हुआ। पिछले दो दिनों आसमान में होने के कारण दिन और रात का पारा पारा इसी के आसपास आकर ठहर गया। बादल छटने के बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज होगी, जिससे अत्याधिक ठंड पड़ेगी। हालांकि अभी आसमान में बादल होने के चलते धूप न निकलने से ठंड अपना कहर दिखा रही है। जिस कारण ठंड से बचने लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा है। तो वहीं फॉग यानि कोहरा भी जमकर हो रहा है, रात से जमा कोहरा सुबह दस बजे के बाद ही छट रहा है, कोहरा के चलते सुबह विजिबिलटी 50 मीटर से भी कम रही।हालांकि शहर के बाहरी क्षेत्र में दिन में भी कोहरा देखने को मिला।

मध्यप्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से अगले 7 दिन मौसम बदला रहेगा। शनिवार देर रात्रि से शुरू हुआ कोहरा रविवार सुबह तक कोहरा छाया रहा। जिसके चलते विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार रात का तापमान 7.9 डिग्री दर्ज और शुक्रवार रात का तापमान7.5 डिग्री दर्ज होने के बाद दो दिनों से प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। तो वहीं दिन का तापमान भी 4 डिग्री के आसपास लुढ़क कर रविवार को 16.8 डिग्री तो शनिवार को 16.2 डिग्री पर आ गया। दिन का तापमान लुढ़कने, रात का तापमान घटने, कोहरा और धूप न निकलने से एक हिसाब से पिछले दो दिनों अघोषित कोल्ड दे रहा। हालांकि आसमान में बादल होने के चलते दिन और रात का तापमान पिछले दो दिनों से स्थिर बना हुआ है। उत्तर भारत में हो रही बर्फ़बारी के कारण पिछले तीन दिनों में मौसम ने अचानक से करवट बदल ली है। तीन दिनों से चल रही शीत लहर के कारण मौसम में ठंडक आ गई है। चल रही उत्तर पूर्वी हवाओं के कारण ठंड पड़ रही है। चल रही शीतलहर रविवार दिन में भी चलती रही। सर्द हवाएं चलने से मौसम और ठंडा हो गया है, जिस कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई।ठण्ड के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर रहे। मौसम विभाग के वैज्ञानिक केसी रैकवार ने बताया पिछले तीन दिनों से चल रही सर्द हवाओं के कारण तापमान लगातार गिर रहा था, लेकिन अब आसमान में बादल होने के कारण तापमान स्थिर हो गया है, बादल छटने के बाद तापमान एक बार फिर से गिरेगा। हालांकि शीतलहर चलने से एक सप्ताह तक ऐसे ही मौसम रहने और अब दिन के साथ रात का पारा भी गिरने का अनुमान है।

**उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण लोगों को दिन भर सर्दी कपकपाती रही।**

# दुर्घटनाएं रोकने सड़क सुरक्षा मित्रों ने किया मंथन



छतरपुर।

छतरपुर शहर सहित पूरे जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं से चिंतित सड़क सुरक्षा मित्रो ने रविवार को मोटे के महावीर मन्दिर प्रांगण मे एक महत्वपूर्ण बैठक कर दुर्घटनाओं के कारणों और उन्हे रोकने के उपायों पर गहन चिंतन मनन किया।

मोटे के महावीर मन्दिर प्रांगण मे एकजुट हुये सड़क सुरक्षा मित्रों ने लगातार हो रही सडक दुर्घटनाओं पर गम्भीर चिन्ता जाहिर करते हुये कहा की आये दिन निर्दोष लोगों के रक्त से सड़कें लाल हो रही है, इन दुर्घटनाओं मे जान गवाने बालो मे अधिकांस युवा होते है। सडक सुरक्षा मित्रो ने कहा की छतरपुर शहर को रिंग रोड की तो शक्त जरुरत है ही इसके अलावा एक ओर व्यवस्थित बस स्टेण्ड भी जरुरी है साथ ही सातों दिन मुख्य सडकों पर लगने वाले अव्यवस्थित साप्ताहिक हाट बाजारों को भी अन्यत्र स्थान पर स्थान्तरित करने की जरुरत है। बैठक मै सडक दुर्घटनाओं के प्रति युवाओं को जागरुक करने की आवश्यकता पर बल दिया गया साथ ही कहा गया की परिवार के जिम्मेदार लोग अपने बच्चों को बिना हेल्मेट पहनाये दो पहिया वाहन चलाने को ना दे साथ ही उन्हे नियंत्रित गति मे वाहन चलाने के लिये प्रेरित करें। सडक सुरक्षा मित्र इसके लिये खुद भी जल्दी अभियान छेडेंगे ओर लोगो को जागरुक करने के उपाय करेंगे। सडक सुरक्षा मित्रों ने कहा की इसके लिये यातायात विभाग को भी चालानी कार्यवाही से इतर एक मुहिम छेडऩी होगी जिसका उद्देश्य दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरुक करना हो। इस मौके पर पत्रकार राजेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र अग्रवाल, हरि अग्रवाल, प्रतीक खरे, सन्तोष गंगेले, पूर्व सीएमओ ड़ी ड़ी तिवारी, अधिवक्ता आनन्द शर्मा, राकेश शर्मा, एचडी वर्मा, कुलदीप कुमार शर्मा, राम तिवारी, भवानीदीन विश्वकर्मा, अशोक शुक्ला, रामू तिवारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, भवानी प्रसाद त्रिपाठी, शंकर शरण खरे, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, राघवेन्द्र सिंह परिहार, कनहैया, खिलया अहिरवार, जगदीश राजपूत सहित कई सड़क सुरक्षा मित्र उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महिला से तीन लाख रूपये लेकर फरार हुआ फारूख



**रीवा।** संवेदनायें तब मर जाती है जब कोई मजबूरी बताते हुए पैसा लेकर मुकर जाये। ऐसे में देनदार को हर व्यक्ति के चेहरा ठग के रूप में ही दिखाई देता है। ऐसा ही कुछ वाक्या अमहिया बड़ी दरगाह के पास रहने वाले महिला सायरा बानो उर्फ मधु पति अंसार अहमद के साथ हुआ, जो पड़ोस में रहने वाले फारूख अंसारी की बातों पर आकर तीन लाख रूपये दे दी। सायरा बानो को झटका तब लगा जब वह पैसा पाते ही गायब हो गया। इस बात की जानकारी लगते ही सायरा बानो उसकी पत्नी के पास जाकर पैसे की मांग कि तो उल्टा उसकी पत्नी ही सायरा बानो के साथ मारपीट कर डाली। पीड़िता सायरा बानो धोखेबाज फारूख अंसारी एंव उसकी पत्नी मकसूदा उर्फ गुडिय़ा अंसारी के विरुद्ध अमहिया थाना में शिकायत दर्ज करवाई। मामला 6 माह पुराना है सायरा बानों ने बताया कि उसके पड़ोस कब्रिस्तान के समीप रहने वाला फारूख अंसारी आया और कहने लगा कि उसके बच्चे का आपरेशन करवाना है और तीन लाख रूपये की मांग की। लंबी रकम होने की वजह से पहले तो सायरा बानों ने देने से इंकार कर दी, लेकिन फारूख द्वारा तीन अलग-अलग चेक दिये जाने के साथ ही 50 रूपये के स्टॉप में एक माह के अंदर वापस किये जाने को लिखकर देकर सायरो बानों का विश्वास जीत लिया। सायरा बानो ने फारूख को तीन लाख रूपये दे दी, जैसे ही वह पैसे दी तो फारूख रूपये लेकर चंपत हो गया। एक माह का समय गुजर जाने पर सायरो बानो जब उसके घर पैसे की मांग करने पहुंची तो उसका साबका उसकी पत्नी से हो गया। बताया गया कि दोनो के बीच हुई तू-तू, मैं-मैं मारपीट पर तब्दील हो गई। पुलिस ने मारपीट किये जाने के साथ ही पैसे लेकर दगा किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। वहीं विश्वास का शिकार हुई सायरा बानो तीन लाख रूपये वापस पाने के लिए थाना के बाद न्यायालय के चौखट पर जा खड़ी हुई।

### डॉक्टर मनमोहन सिंह ने वृद्धा पेंशन के साथ गरीबों को बांटे कंबल



**रीवा ।** संजय गांधी अस्पताल में सीएमओ के पद से सेवा निवृत हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनमोहन सिंह सेंगर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीबों के बीच कंबल वितरित का वर्ष का अंतिम समय की विदाई करते हुए गांव वालों को नववर्ष की बधाई देते हुए आने वाले वर्ष में सुनहरे पलों की कामना की। इस अवसर पर डॉक्टर मनमोहन सिंह की धर्म पत्नी डॉ. ब्रजबाला सिंह, ग्राम पंचायत फूलकरण सिंह के सरपंच नरेंद्र बहादुर सिंह मुंशी, सेनि. कैप्टन जगत बहादुर सिंह, कृपाल सिंह, सेनि. प्राचार्य आरपी सिंह, सेनि. प्राचार्य पीएल चक्रवर्ती, समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह, दीपक सिंह एंव संत कुमार सोंधिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बताते चले कि विगत सात वर्षो से अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह एवं उनकी धर्म पत्नी ब्रजबाला सिंह अपने स्वर्गवासी पिता पदमनाथ सिंह एवं माता स्व. लखराज सिंह की स्मृति में गांव के गरीबों एवं असहाय लोगों को 3 सौ रूपये प्रतिमाह पेंशन एंव ठंड की ऋतु में कंबल वितरित करते हैं। रविवार के दिन डॉ. मनमोहन सिंह अपनी धर्म पत्नी के साथ मिलकर गांव के 55 गरीब एंव असहाय वृद्धों को 12-12 सौ रूपये बतौर पेंशन एंव लगभग 65 गरीबों के बीच कंबल वितरित किये।

### पाला से फसलों को बचाने कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

**रीवा।** जिले में पिछले पांच दिनों से शीत लहर का प्रकोप है। तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है।

# फर्जी अंकसूची बनाकर चपरासी से बन गया पीडब्ल्यूडी का बाबू

## फर्जी मार्कशीट बनवा पीडब्ल्यूडी का चपरासी बना अफसर, शिकायत पहुंची भोपाल, जल्द ही आरोपी पर गिरेगी गाज

मामला जिले के लोकनिर्माण विभाग का है जहां विभाग में कार्यरत चपरासी कृष्ण कुमार पांडेय ने अपने ही विभाग से धोखाधड़ी कर फर्जी शैक्षिक डॉक्यूमेंट बनवा अधिकारी के कुर्सी पर बैठ गया और ठाठ से 40 वर्ष से सहायक मानचित्रकार के रुप में अपनी सेवाएं दे रहा है जब की चपरासी कृष्ण कुमार पांडेय की पदस्थापना के साथ ही वह फर्जी दस्तावेज लगा कर पद प्राप्त करने के विवादों में घिर गया था और आज तल अपनी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र नहीं दे पाया है।






रीवा

बाबजूद इसके जिम्मेदारों ने आरोपी चपरासी कृष्ण कुमार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जब की आज तक चपरासी अपनी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण नहीं दे सका।

जिले के लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 में सहायक मानचित्रकार के पद में पदस्थ कृष्ण कुमार पाण्डेय ने फर्जी अंक सूची बनवाकर प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहा है खुलासा तो तब हुआ जब सूचना अधिकार अधिनियम के तहत नियुक्त संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो विभाग द्वारा देने से इनकार कर दिया गया इसके बाद संभागीय कार्यालय में प्रथम अपील की गई जिसमें संभागीय कार्यालय से आदेश हुआ कि तत्काल नियुक्ति संबंधित दस्तावेज दिए जाएं उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 से कोई भी दस्तावेज नहीं दिया गया चपरासी से लेकर बाबू तक के सफर में इसके साथ लोक निर्माण विभाग के कई बड़े चेहरे भी शामिल हैं जिनका खुलासा नियुक्ति संबंधित दस्तावेज मिलने के बाद ही हो पाएगा।

### भोपाल पहुंचा मामला

40 वर्षों से फर्जी तरीके से आधिकारी बने इस चपरासी को बचाने यहां के अधिकारीयों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया लेकिन नियुक्त संबंधित दस्तावेज न दे पाने की वजह से यह मामला सूचना के अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील में भोपाल पहुंच गया है जिसमें जल्द ही लोक निर्माण विभाग सहित फर्जी अंक सूची लगाकर चपरासी के पद से बाबू बनकर बैठे कृष्ण कुमार पांडे पर गाज गिरेगी लेकिन सवाल यह उठता है की आखिर लोकनिर्माण विभाग आरोपी चपरासी को बचाने में क्यों लगा हुआ है।

### आय से कई गुना ज्यादा हैं संपत्ति विभाग की संपत्ति चोरी का भी लग चुका है आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार पांडेय के यहां आय से कई गुना अधिक संपत्ति है साथ ही अधिकारी के पद का नाजायज लाभ उठाने विभाग के कार्यस्थलों से सीमेंट, लोहा, मशीनरी, पेंट जैसी तमाम सामग्री को चोरी करके कृष्ण कुमार पांडे ने अपना महल जैसा घर खड़ा किया है यहां तक की कई बार विभाग में आने वाले औजारों की चोरी कर अपने घर में रखने के आरोप भी लगते रहें हैं जिसका खुलासा जांच होने के बाद ही हो पाएगा ।

### थाने में लंबित हैं कई मामले हो सकती है बड़ी कार्यवाही

कृष्ण कुमार पांडे द्वारा अपने ही परिवार और पड़ोसियों के साथ मारपीट गली गलौच एवं सरहंगई पूर्वक जमीन हड़पने जैसे तमाम मामलों को लेकर चोरहटा थाना में मामला पंजीबद्ध है। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कृष्ण कुमार पांडे के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

### पुत्र पर भी हैं कोरेक्स , गंजा, चलाने के व मारपीट लूटपाट आरोप

मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार पांडे का पुत्र अभिलाष पांडे प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का सेवन करके लूटपाट मारपीट जैसे प्रकरण जिसके खिलाफ कई प्रकरण थाने में पंजीबद्ध हैं जिसमें जिले के कई क्षेत्रों में लूटपाट मारपीट चोरी जैसे गंभीर मामलों को अंजाम देने के लिए पुत्र सरगना माना जाता है जिसके चलते जिले में लोक निर्माण विभाग में पदस्थ बाबू का दबदबा बना रहता है यदि कोई भी उसके खिलाफ आवाज उठाता है तो अपने पुत्र द्वारा लूटपाट मारपीट करने की धमकी देने लगता है।



# ऊचाडीह विजेता बरौं बनी उप विजेता

### महाकाल कब्बड्डी प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**रीवा।** जवा/ महाकाल कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम ऊचाडीह में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि चक्रधर सिंह महामंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, विधानसभा सिरमौर जवा रहे जबकि, अध्यक्षता शिवबालक पाण्डेय उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जवा ने किया आयोजन के सर्व प्रथम अतिथियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पुष्प प्रतीक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथि चक्रधर सिंह ने आयोजन समिति को साधूवाद देते हुए कहा कि कब्बड्डी हमारी प्राचीन खेल है जो अब विलुप्त होती जा रही है ऐसी प्रतियोगिता से जहां हमारे प्राचीन खेल का उदय होगा वहीं ग्रामीणों में दबी खेल प्रतिभाएं भी निकल कर सामने आएगी, अध्यक्षता कर रहे शिवबालक पाण्डेय ने कहा कि खिलाड़ी एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल कोई भी हो मैदान में खिलाड़ी को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए, हारने वाले को जीतने का और जीतने वाले को और बेहतर सीखने का मंत्र लेके जाना चाहिए, स्वागत भाषण आयोजक सचिव अवनीश सिंह ने दिया,

इस दौरान फाइनल मैच ऊचाडीह,और बरौ के बीच खेला गया जिसमें ऊचाडीह विजेता एवं बरौं उपविजेता, रही, रेफरी की भूमिका में राममनोरथ विश्वकर्मा,विजय सिंह ने निभाई, संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया प्रमुख रूप अजय, अन्नू सिंह,रवि सिंह, अजलुदीन खान, शारदा हरिजन,अवध सिंह,भीखम आदिवासी, छोटेलाल कोल सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# आदिम जाति कल्याण विभाग से गरीबों के उत्थान के लिए खैरात में बंट रही शासन की राशि

रीवा !

गरीबों के उत्थान के संबंध में सरकार योजनाऐं संचालित कर शासन के कोष से भरपूर राशि खर्च कर रही है। लेकिन सरकारी मशीनरी सरकार की योजनाओं में पलीता लगाकर गरीबों के उत्थान पर आई राशि का बंदरबाट कर लेते हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग में डीओ के पद पर बैठे अधिकारी ठेकेदारों से सांठगांठ कर एक ओर जहां गरीबों को बदहाली हालत में छोड़ रहे वहीं दूसरी ओर शासन के खजाने को अपने खजाने में भरने में लगे हुए हैं। हाल ही में गंगेव जनपद के दो ग्राम पंचायतों से निकल कर ऐसे मामले सामने आये है जिन्हे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी दलितों के प्रति कितने संवेदनशील है। मामला देवास ग्राम पंचायत का है जहां के सरपंच रमेश साकेत और सचिव चीख-चीख कर बता रहे कि आदिम जाति कल्याण विभाग से पीसीसी के लिए निकली राशि हवा में उड़ गई। आदिम जाति कल्याण विभाग की डीओ खा गये या फिर ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा। यदि निष्पक्ष जांच एजेंसी से इस भ्रष्टाचार की जांच कराई जाये तो इनके हलक से शासन का पैसा निकल कर सामने आ जायेगा। सरपंच रमेश साकेत ने बताया कि वर्ष 2018-19 में ग्राम पंचायत में दद्दी मास्टर के घर से बसोरन बस्ती के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग लगभग 4 लाख 41 हजार 414 रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी। पीसीसी सड़क निर्माण का ठेका देवेंद्र मिश्रा को मिला था, जो नईगढ़ी क्षेत्र का बताया जाता है। आदिम जाति कल्याण विभाग से पीसीसी निर्माण के लिए स्वीकृत राशि तो निकल गई लेकिन ग्राम पंचायत देवास में उक्त राशि पर पीसीसी का निर्माण कहां हुआ यह तो शोध का विषय है। आज भी वहां सड़क नहीं बनी और दलित बस्ती के लोग ऐसे ही जीवन निर्वहन कर रहे है। सरपंच ने कहा इस संबंध में उसके द्वारा कई बार अधिकारियों से मिलकर जानने का प्रयास किया गया कि आखिरकार उक्त राशि कहां गई और पीसीसी का निर्माण क्यों नहीं हुआ लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस सवाल का जबाव देने के बदले मौनी बाबा बन जाते हैं। इसी हाल गंगेव जनपद गंगेव बस्ती है जहां शौचालय के नाम पर आदिम जाति कल्याण विभाग से लगभग 49 हजार रूपये स्वीकृत हुए थे राशि और शौचालय दोनो ही लापता है। बाक्स ठेकेदार गया था सरपंच को मनाने, नहीं गली दाल मजे की बात तो यह है कि इस मुद्दे को जब ग्राम पंचायत देवास के सरपंच रमेश साकेत ने उठाया तो ठेकेदार से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की धड़कने बढ़ गई। जिम्मेदार अधिकारियों के इशारे पर ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा ग्राम पंचायत देवास जा पहुंचा और सरपंच को मनाने का प्रयास करने लगा। सरपंच ने बताया कि ठेकेदार का कहना था कि इस मुद्दे को उठाने से तुमको क्या लाभ मिलेगा। जो कुछ कहो तो तुम्हारी सेवा कर दी जायेगी। सरपंच रमेश साकेत ने ठेकेदार को समझाते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि ग्राम पंचायत में लगभग 9 हजार जनता रहती है जिसमें 4 हजार मतदाता है। चुनाव मैदान में 9 प्रत्याशी सरपंच बनने के लिए उतरे थे। लेकिन गांव वालों ने उस पर भरोसा कर 11 सौ बोट से जिताया और तुम गांव वालों का भरोसा तोडऩे की बातें करते हो। इतना सुनते ही ठेकेदार उल्टे पांव वापस लौट आया।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम महसांव और करौदी में हुई आयोजित

## नेशनल हेल्थ मिशन के संचालक डॉ. ज्योति कुमार संकल्प यात्रा में हुए शामिल






रीवा !

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। संकल्प यात्रा में अब तक लगभग 2 लाख लोगों ने भागीदारी निभाई है। संकल्प यात्रा 31 दिसंबर को ग्राम महसांव तथा करौदी में आयोजित की गयी। इन दोनों संकल्प यात्राओं में रीवा जिले के लिए केन्द्र सरकार के नोडल अधिकारी तथा नेशनल हेल्थ मिशन के संचालक डॉ. ज्योति कुमार शामिल हुए। डॉ. कुमार ने शिविर में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ से स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मिलकर घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण करें। महिला के गर्भवती सूचना मिलने पर तत्काल उनका पंजीयन करायें। उन्हें गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित पोषण आहार की सुविधा दें। डॉ. कुमार ने हेल्थ बेलनेश सेंटर, परिवार कल्याण कार्यक्रम, शिशु तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना की क्रियान्वयन की जानकारी ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न शिविरों में शामिल होते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी आमजनता तक पहुंचा रही है। प्रचार रथ से रोचक गीतों एवं आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आमजनता इनका लाभ उठायें। संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित कर रहा है। इनमें अपने स्वास्थ्य की जांच करायें यदि किसी रोग के लक्षण दिखाई देते तो उसका समुचित उपचार किया जायेगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक के सहयोग से आयुष्मान कार्ड के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करें। छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनावाये जिससे उन्हें 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। डॉ. कुमार ने संकल्प यात्रा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगायी गयी पोषण प्रदर्शनी, कृषि विभाग की प्रदर्शनी, बैंकों द्वारा बीमा योजनाओं के लगाये गये शिविर का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में प्रतिदिन संकल्प यात्रा के दो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में सांसद, विधायकगण, पंचायत पदाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की लगातार भागीदारी रहती है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी शासन योजनाओं की जानकारी आमजनता को दे रहे है। अब तक 2 लाख से अधिक व्यक्तियों ने इन शिविरों से लाभ उठाया है। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों के 625 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। विभिन्न संकल्प शिविरों में आयोजित विभिन्न जगरूकता कार्यक्रमों में 3750 महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं से लाभांवित जिले के हितग्राही अपनी सफलता की कहानी स्वयं सुना रहे हैं। शिविर में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान पीएस त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत डॉ. संजय सिंह, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सीएमएचओ डॉ. केएल नामदेव, अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके निगम तथा अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# विधायक मनगवां ने संकल्प शिविर में किया हितलाभ वितरण

रीवा

31 दिसम्बर 2023. विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम तिवनी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रजापति ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचा रही है। विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारी आमजनता के दरवाजे तक जा रहे हैं। संकल्प शिविरों में कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जा रहा है। आमजनता इन शिविरों से लाभ उठाये। प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार जिला भर में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक जारी रहेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम तिवनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। इस शिविर में रोगियों के रक्तचाप, टीबी तथा सिकिलसेल एनेमिया की जांच की गयी। शिविर में बैंकों द्वारा पात्र हितग्राहियों के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, तथा जीवन ज्योति योजना के फार्म भरवाये गये। शिविर के साथ आयोजित कृषि विभाग की प्रदर्शनी में उन्नत कृषि उपकरणों तथा ड्रोन से यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगायी गयी। शिविर में एसडीएम पीएस त्रिपाठी, जनपद पंचायत गंगेव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।